प्रीलिम्स फैक्ट्स : 23 मई, 2018

मिशन नवाचार मंत्री स्तरीय बैठक

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन स्वीडन के मालमो शहर में 22-23 मई, 2018 के मध्य आयोजित मिशन नवाचार मंत्रीस्तरीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

- मिशन नवाचार 23 देशों और यूरोपीय संघ का एक वैश्विक मंच है।
- इस मंच का गठन अधिक-से-अधिक सरकारी सहायता, वृहद सार्वजनिक-निजी क्षेत्र की भागीदारी और अधिक वैश्विक सहयोग द्वारा स्वच्छ ऊर्जा नवाचार को गति देने के उद्देश्य से किया गया है।
- भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य है और संचालन समिति में भागीदार है।
- भारत, इसके साथ ही स्मार्ट ग्रिड, ऑफ ग्रिड और दीर्घकालिक जैविक ईंधन में नवाचार चुनौतियों के क्षेत्र में संयुक्त रूप से अग्रणी भूमिका में है।

प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन

बैंकों को वित्तीय संकट से उबारने के लिये RBI समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करता है और फ्रेमवर्क बनाता है। 'प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन' (Prompt Corrective Action - PCA) इसी तरह का एक फ्रेमवर्क है, जो बैंक की वित्तीय स्थिति का मानक तय करता है। समय-समय पर हुए बदलावों के साथ यह फ्रेमवर्क दिसंबर 2002 से क्रियान्वित है।

CRAR (Capital to Risk weighted Assets Ratio)

- वर्तमान में बैंकों के लिये CRAR यानी 'कैपिटल टू रिस्क वेटेड असेट रेश्यो' फिलहाल नौ प्रतिशत निर्धारित किया गया है। CRAR से पता चलता है कि किसी बैंक के पास जोखिम का सामना करने के लिये पर्याप्त पूंजी है अथवा नहीं।
- CRAR उन तीन मुख्य बिंदुओं में से एक होता है, जिनमें उतार-चढ़ाव आने पर बैंक को PCA की श्रेणी में शामिल किया जाता है।

NET NPA (Net NPA - Non-Performing Assets)

- बैंक को PCA की श्रेणी में शामिल करने का दूसरा महत्त्वपूर्ण कारण NET NPA में वृद्धि होना है। जब कोई ग्राहक बैंक से लिये गए ऋण की तीन मासिक किस्त नहीं चुका पाता है तो वह ऋण NPA बन जाता है। इस प्रकार से NPA में वृद्धि होना या कमी होना, इस बात का संकेत होता है कि बैंक ने जो राशि उधार दी है, उसमें कितना जोखिम है।
- अगर किसी बैंक की NET NPA उसके द्वारा उधार दिये गए ऋण से छह प्रतिशत से अधिक हो जाता है, तो RBI उस बैंक को PCA की श्रेणी में शामिल कर देता है।

रेश्यो एंड रिटर्न ऑन असेट (Ratio and Return on Assets - RoA)

- तीसरा महत्त्वपूर्ण ट्रिगर 'रेश्यो एंड रिटर्न ऑन असेट' है। इसका संबंध किसी बैंक द्वारा उधार दी गई धनराशि अथवा निवेश से बैंक को रिटर्न से है। इसकी गणना से पता चलता है कि बैंक मुनाफे में है अथवा घाटे में है।
- 'रेश्यो एंड रिटर्न ऑन असेट' के लगातार दो वर्षों तक नकारात्मक रहने पर बैंक को PCA की श्रेणी में शामिल कर लिया जाता है।

यह महत्त्वपूर्ण क्यों है?

- जब किसी बैंक के पास जोखिम का सामना करने के लिये पर्याप्त पूंजी मौजूद नहीं होती है, साथ ही उधार दिये ऋण से आय नहीं हो रही है तो RBI उस बैंक को 'PCA' की श्रेणी में शामिल कर देता है, ताकि उसकी वित्तीय स्थिति में सुधार किया जा सके।

अष्टपदयित्तम

उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू ने 21 मई को केरल के गुरुवायूर में प्राचीन नृत्य नाटिका 'अष्टपदयित्तम' को पुनर्जीवित करने हेतु आयोजित एक समारोह का उद्घाटन किया। 'अष्टपदयित्तम' 12वीं शताब्दी के कवि जयदेव द्वारा लिखित गीत गोविंद है।

- नृत्य नाटिका के पुनर्जीवन में मौलिक वेश-भूषा, संगीत और मुद्राओं के साथ पूरा न्याय किया जा रहा है।
- गीत गोविन्दम् का व्यापक आकर्षण श्रीकृष्ण और राधा के प्रति उनके प्रेम से होता है। श्रीकृष्ण की गाथा भारतीय हृदय में अंकित है और इसका संकलन इतना संगीतमय और मधुर है कि संगीतकारों और नर्तकों द्वारा इसके विभिन्न रूप दिये गए हैं।
- यद्यपि देश ने अपनी कला विरासतों को संरक्षित कर रखा है और पालन पोषण किया है लेकिन दुर्भाग्य से कुछ शास्त्रीय भारतीय कला के रूप अनदेखी की अवस्था में हैं और धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधिता दिवस

22 मई को देश भर में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधिता दिवस (International Day for Biodiversity -IBD) 2018 मनाया गया। भारत ने वैश्विक आयची जैव विविधिता लक्ष्यों (global Aichi Biodiversity Targets) 11 और 16 को हासिल करने की दिशा में अहम योगदान किया है। सरकार लोगों को बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिये जैविक संसाधनों के संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध है।

थीम

- 'जैव विविधिता पर कार्य के 25 साल का उत्सव' (Celebrating 25 years of action on biodiversity) थीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधिता दिवस समारोह जैव विविधिता की अहमियत और जैव विविधिता के खतरे को लेकर जागरूकता बढ़ाने का सुअवसर प्रदान करता है। समारोह से सतत् विकास में जैव विविधिता का योगदान भी उजागर होता है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- यह समारोह जैव विविधिता पर सम्मेलन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय स्तर का समारोह हैदराबाद में प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (Prof. Jayashankar Telangana State Agricultural University - PJTSAU) सभागार में आयोजित किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधिता दिवस, 2018 का आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जैव विविधिता प्राधिकरण और तेलंगाना राज्य जैव विविधिता बोर्ड के समन्वय से किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-23-05-2018